CMYK

दैनिक
न्याय साक्षी

छत्तीसगढ़-प्रादेशिक
सेहत-विज्ञान-फीचर

रायगढ़, मंगलवार 16 अक्टूबर 2018
www.nyaysakshi.com



## महत्वपूर्ण एवं खास

### मेडिकल स्टोर में लगी आग, लाखों का सामान जलकर राख

कोरबा (आरएनएस)। बीती रात उरगा क्षेत्र के एक मेडिकल स्टोर में आग लग गई। आग की चपेट में आकर दुकान की दवाईयां व अन्य कीमती सामान जलकर खाक हो गए। इस घटना में संचालक को लाखों की क्षति का अनुमान है। घटना की जानकारी उरगा पुलिस को दे दी गई है। इस आधार पर पुलिस द्वारा जांच पड़ताल की जा रही है। आग लगने के कारण स्पष्ट नहीं हो पाए है। लेकिन प्रथम दृष्टया शार्ट सर्किट को आग लगने का कारण माना जा रहा है। जानकारी के अनुसार उरगा थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम सोहागपुर में जैन मेडिकल स्टोर का संचालन किया जाता है। कल देर रात उक्त मेडिकल स्टोर में आग लग गई। आग की चपेट में आ जाने से संचालक को भारी क्षति उठानी पड़ी है। पुलिस द्वारा नुकसान का अनुमान लगाने के साथ आग लगने के कारणों की विवेचना की जा रही है। घटना के दौरान क्षेत्र में लोगों की भीड़ जमा हो गई थी।

### दो स्थाई और दस अस्थाई हेलीपेड बनाये गये

इन्दौर (आरएनएस)। इंदौर जिले में विधानसभा निर्वाचन के मद्देनजर विभिन्न स्थानों पर दो स्थाई और दस अस्थाई हेलीपेड बनाये गये हैं। यह हेलीपेड निर्धारित शुल्क पर उम्मीदवारों तथा राजनैतिक दलों को उपलब्ध कराये जायेगे। हेलीपेड का खर्च अभ्यर्थी के चुनाव खर्च में शामिल किया जायेगा।

### मानव सुरक्षा के लिए सेना ने चलाया सबसे बड़ा ऑपरेशन

ऊधमसिंह नगर (आरएनएस)। बाराबंकी आर्मी के बम निरोधक दस्ते ने देश के विभिन्न हिस्सों में कई ऑपरेशन किए, लेकिन युद्ध क्षेत्र से बाहर मानव सुरक्षा के लिए चलाया गया ऑपरेशन 555 पतरामपुर अब तक का सबसे बड़ा ऑपरेशन है। हालांकि दस्ते के नाम कई छोटे-छोटे ऑपरेशन हैं, मगर पतरामपुर में निकली मिसाइलों को नष्ट करने का यह पहला बड़ा ऑपरेशन होने से पतरामपुर का नाम इतिहास में दर्ज हो जाएगा। ऑपरेशन पर नजर रखने को सेना के कर्नल भी जसपुर आ गए हैं।

### छत्तीसगढ़ नगर दशहरा उत्सव समिति 50 फीट रावण का दहन करेगी 19 को

रायपुर (आरएनएस)। प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी छत्तीसगढ़ नगर दशहरा उत्सव समिति द्वारा दशहरा मैदान में 19 अक्टूबर को विजयादशमी के शुभ अवसर पर 50 फीट का रावण एवं 35-35 फीट के मेघनाथ एवं कुम्भकरण के पुतलों का दहन रामलीला एवं भव्य आतिशबाजी के बीच 7:30 बजे किया जायेगा। उक्त जानकारी प्रेस क्लब रायपुर में आयोजित पत्रकार वार्ता में आयोजन समिति के अध्यक्ष देवेन्द्र यादव ने दी। यादव ने बताया कि पूर्व की भांति दशहरा मैदान टिकरापारा में विजयादशमी के दिन शाम 5 बजे से मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम, लक्ष्मण, सीता एवं हनुमान जी सहित रामजी की सेना घोड़े से बंधी बग्गी में संजय नगर, संतोषी नगर, क्षेत्र में शोभायात्रा निकालकर प्रारंभ की जायेगी। तत्पश्चात रामायण मंडली के कलाकारों द्वारा मंच पर राम और रावण की सचित्र प्रस्तुती दी जायेगी। रावण दहन के उपरांत भव्य आतिशबाजी धमतरी के कलाकारों द्वारा एवं घंटे की जायेगी। रावण दहन के समय रावण के मुह से गुलाल निकलना, आकाश झूला, ताजमहल, सिटी चक्कर, बीना बादल की बारिश, गगनचुंबी शॉट 10 हजार भक्तों की भीड़ को आकर्षित करेंगे। यादव ने बताया कि रात 8 बजे छत्तीसगढ़ के प्रसिध्द लोकगायक दुकालू यादव द्वारा जस गीत कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। मेले में आने वाली भीड़ को संरक्षक संतोष साहू एवं उनकी टीम के सदस्य नियंत्रित करेंगे।

### पलायन करते चार मजदूरों को क्राइम स्क्वॉड ने भेजा घर वापस

महासमुंद (आरएनएस)। धान कटाई के पहले ही जिले के मजदूरों का पलायन शुरू हो गया है। हजारों मजूदर प्रतिवर्ष काम की तलाश में अन्य प्रदेश जाते हैं। मजदूर दलाल रुपए कमाने के गांवों के भोले-भाले मजदूरों को रुपए का लालच देकर अन्य प्रदेश ईंट भट्ठे में काम करने भेजते हैं। मजदूर भी रुपए पाकर गांव छोड़कर चले जाते हैं। ज्यादातर मजदूर धान कटाई के बाद ही अन्य प्रदेशों की ओर कूच करते है, लेकिन इस बार कटाई के पहले ही दलाल मजूदरों के घरों में पहुंचकर एडवांस देकर ले जाने के फिराक में है। वहीं पुलिस व मानव तस्करी टीम मजदूरों को रोककर वापस घर भेज देती है, लेकिन मजदूर दलाल पुलिस की चुंगुल से फरार हो जाते हैं।

### सिहावा के जंगलों में पुलिस और नक्सलियों के बीच हुई मुठभेड़, नक्सली भागे

धमतरी (आरएनएस)। छत्तीसगढ़ के धमतरी जिले के संवेदनशील नक्सली गढ़ माने जाने वाले सिहावा में मंगलवार सुबह पुलिस और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ होने की खबर प्रकाश में आई है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार सिहावा क्षेत्र के मटिया बाहरा जंगल में मुठभेड़ में आज पुलिस और नक्सलियों की ओर से 15 मिनट सेअधिक समय तक फायरिंग हुई है। पुलिस को भारी पड़ते देख नक्सली भाग खड़े हुए। इधर सूत्रों की माने तो मटिया बाहरा जंगल में सुरक्ष बल सर्चिंग पर निकले थे। तभी उनकी नक्सलियों से मुठभेड़ हो गई। नक्सलियों ने जवानों पर फायरिंग शुरू कर दी। जवानों ने भी पलटवार करते हुए नक्सलियों पर गोलिया बरसाई।

# आईजी सिंह की पहल दुर्ग रेंज में क्राइम का ग्राफ घटा



रायपुर (आरएनएस)। दुर्ग पुलिस रेंज के महानिरीक्षक गुरजिन्दर पाल सिंह के ज्वाईन करने के कुछ ही दिनों बाद दुर्ग, बालोद, बेमेतरा, कवर्धा एवं राजनांदगांव जिले में अपराध का ग्राफ (क्राइम रेट) घटने लगा है। कुछ ही महीने में पांचों जिलों में एकाएक अपराधों में कभी आना अन्य जिलों के लिए भी प्रेरणा का द्योतक बन गया है। छत्तीसगढ़ के विभिन्न हिस्सों में कार्य करने के बाद वर्तमान में वे दुर्ग रेंज के आई.जी.के रुप में पदस्थ हैं। दुर्ग जिले में अपनी गुण्डागर्दी के मार्फत अंचल में दशहत फैलाने वाले तपन सरकार और उनकी टीम को नेस्तनाबूद की स्थिति तक ला देने में उनका बहुत बड़ा योगदान है। छोटी-छोटी समस्याओं जैसे जमीन खरीदी-बिक्री सामान्य पारिवारिक समस्याओं ब्याज के कारोबार और रंगदारी वसूली के कारण क्षेत्र में अपना सिक्का जमाने वाले तपन सरकार और उनके गुर्गे से परेशान लोग अब राहत की सांस लेने लगे हैं।

जेल से ही अपने गुर्गों के माध्यम से दहशतगर्दी को अंजाम देने वाले तपन सरकार के पूरे लिंक को तोड़कर उन्होंने आम जनता को सुकून भरी जिंदगी जीने का अवसर प्रदान किया है। एक सामान्य मध्यवर्गीय परिवार से ताल्लुक रखने वाले श्री सिंह का मानना है कि मेहनत और लगन से किया हुआ हर कार्य कारगर होता है। रेवेन्शा कालेज कटक और एनआईटी राऊरकेला से मेकेनेकिल इंजीनियरिंग डिग्री लेने के बाद यूपीएससी से आई.पी.एस. अर्जित करने वाले श्री सिंह का कहना है प्राथमिक कक्षाओं में वे बेहद सामान्य विद्यार्थी थे जब वे बड़ी कक्षा में पहुंचे तक अपने अग्रजों एवं अन्य साथियों की प्रेरणा से वे निरंतर आगे बढ़ते गए और अन्ततः आईपीएस के लिए चयनित हुए। दुर्ग रेंज में आने के बाद उन्होंने न केवल अपराधों पर अंकुश लगाया बल्कि जाने-अनजाने अपराधों को बढ़ावा देने वाले पुलिस कर्मियों के लिए भी काल साबित हुए। थानों में आम जनता से दुर्व्यवहार करने वाले पुलिसकर्मियों के व्यवहार में भी परिवर्तन दिखाई देने लगा है। हाल ही उनके मार्गदर्शन में सयार की गई सिटीजनकाप नेतो दुर्ग को राष्ट्रीय पहचान दिला दी है। इसे अब केवल दुर्ग रेंज ही पूरे देश में लागू करने की पहल की जा रही है। श्री सिंह के दुर्ग रेंज थे।

ज्वाइन करने के बाद पुलिस प्रशासन में अनुशासन के स्तर भी कसावट आई है जो पुलिस के दूसरे रेंज के लिए प्रेरक साबित होगी।

## राम मंदिर के लिए करेंग अयोध्या कूच

कोटद्वार (आरएनएस)। राम मंदिर निर्माण की मांग को लेकर 21 अक्टूबर को अंतर्राष्ट्रीय हिंदू परिषद अयोध्या कूच करेगा। परिषद के सदस्यों ने घर-घर जाकर लोगों से आंदोलन में शामिल होने की अपील की। कहा कि राम मंदिर निर्माण के लिए समस्त हिंदुओं को एकजुट होकर संघर्ष करना होगा।

सोमवार को आयोजित बैठक में वक्ताओं ने कहा कि राम के नाम पर वोट मांगने वाली भाजपा सरकार बनते ही राम मंदिर के मामले से पलटी मारने लगी है।

कहा कि सरकार तीन तलाक पर कानून बना सकती है तो राम मंदिर पर कानून क्यों नहीं बनाया जा सकता। कहा कि परिषद के सदस्य 21 अक्टूबर को राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रवीण तोगड़िया के नेतृत्व में अयोध्या कूच करेंगे। इस मौके पर जिलाध्यक्ष कपिल राजपूत, सत्यनारायण नौटियाल, अशोक कुमार, मनोज भंडारी, सतेंद्र रावत, बीना नेगी आदि मौजूद रहे।

## अंतर्राज्यीय चोर गिरोह के 6 आरोपी गिरफ्तार

### मंकी कैप पहनकर रात में देत थे वारदात को अंजाम

रायपुर (आरएनएस)। राजधानी रायपुर के आधा दर्जन से अधिक मकानों में चोरी की वारदात में शामिल 6 आरोपियों को पुलिस गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। आरोपियों के पास से चोरी के मंगल सूत्र, चैन, चूड़ी, अंगूठी, लॉकेट, सोने की भगवान की मूर्ति, कान का टॉप्स, कंगन, झुमका, रानी हार, ईयर रिंग, नेकलेस, बाली, ब्रेसलेट, अन्य सोने के जेवरात कीमती लगभग 17 लाख रूपये एवं नगद 14 हजार रूपये बरामद किया है। आरोपी अपनी पहचान छिपाने के लिए मंकी कैप पहनकर रात में घुम-घुम कर चोरी की वारदात को अंजाम देते थे। सभी आरोपी मूलतः ओड़िशा के रहने वाले है।



**आरोपी ऐसे चढ़े पुलिस के हत्थेः**

राजधानी में लगातार हो रही चोरी की घटनाओं को देखते हुये आरोपियों को पकड़ने के लिए क्राईम ब्रांच की एक विशेष टीम गठित की गई थी। टीम ने जांच शुरू करते हुए घटना स्थल व उसके आसपास लगे सी.सी. टी. व्ही. कैमरों के फुटेज का अवलोकन करने के साथ - साथ नकबजनी/ चोरी के पुराने एवं हाल ही में जेल से रिहा हुये व्यक्तियों के संबंध में भी जानकारियां एकत्र की गई। क्राईम ब्रांच की विशेष टीम द्वारा आरोपी की गिरफ्तारी हेतु रात्रि में ट्रैप पार्टी लगाकर लगातार गश्त किया जा रहा था, टीम द्वारा चोरी हो रहे कालोनियों में भी भेष बदलकर ट्रैप पार्टी लगायी गई थी। इसी दौरान टीम को आरोपियों के संबंध में महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त हुई जिस पर टीम द्वारा आरोपियों को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त किया गया।

## चेकिंग के दौरान चुनाव आयोग की टीम को कार में मिले 55 लाख रुपए

### आयकर विभाग जांच में जुटी

बिलासपुर (आरएनएस)। जिले के सिरगिट्टी थानाक्षेत्र के गुम्बर पेट्रोल पम्प के पास चुनाव आयोग की एसएसटी की टीम ने 55 लाख रुपए ले जा रही एक कार को पकड़ा। ये घटना होने के कुछ देर बाद ही एक और मामला सामने आया जिसमें पुलिस ने एक और गाड़ी से जांच के दौरान 4 लाख रुपए जब्त किए। फिलहाल आयकर विभाग दोनों ही मामलों में जांच में जुट गई है।

बिलासपुर के सिरगिट्टी इलाके में गुंबर पेट्रोल पंप के पास चुनाव की आचार संहिता के मद्देनजर पुलिस चेकिंग चल रही थी, इसी दौरान एक संदिग्ध कार की तलाशी ली गयी, तो कार में 55 लाख रुपये कैश बरामद हुआ। जिसके बाद कार को सिरगिट्टी थाने लाया गया और पुछताछ शुरू की गयी। दरअसल चुनाव आयोग के निर्देश पर जिले में हर तरह की संदिग्ध गतिविधियों की जांच के लिए एसएसटी की टीमों का गठन किया गया है।

## खतरनाक है बचे तेल को बार-बार इस्तेमाल करना



भारतीय खाने में तेल की क्या अहमियत है, यह भला भारतीयों से बेहतर कौन बता सकता है? पकौड़े तलने से लेकर तड़का लगाने तक, तेल को कई तरीकों से और कई चीज़ों में इस्तेमाल किया जाता है। तेल दरअसल खाने का ज़ायका और फ्लेवर बढ़ाता है। कई घरों में एक बार इस्तेमाल किए गए तेल को बार-बार इस्तेमाल किया जाता है ताकि तेल को बर्बाद होने से बचाया जा सके, लेकिन क्या आप जानते हैं कि तेल के पुनर्प्रयोग से काफी सारी बीमारियां हो जाती हैं? बचे हुए तेल का बार-बार इस्तेमाल करना बेहद खतरनाक होता है। आइए जानते हैंः

**बचे तेल के इस्तेमाल से हो सकता है कैंसर**

अगर तेल में एक बार कोई चीज़ फ्राइ कर दी गई है और बार-बार उसी तेल में बाकी चीजें भी बनाई जा रही हैं, तो इससे फ्री रैडिकल्स जन्म ले लेते हैं, इससे सूजन और जलन के अलावा बीमारियां हो जाती हैं। ये फ्री रैडिकल्स बॉडी की स्वस्थ कोशिकाओं (सेल्स) से खुद को जोड़ लेते हैं। फ्री रैडिकल्स कई बार कैंसर को जन्म दे सकते हैं। इसके अलावा तेल को बार-बार इस्तेमाल करने से अथरोस्कॉलरोसिस हो सकता है, जिसमें शरीर में बैड कलेस्ट्रॉल बढ़ जाता है और धमनियां ब्लॉक हो जाती हैं।

**ये भी होते हैं प्रभाव**

एक ही तेल को बार-बार इस्तेमाल करने से असिडिटी, दिल संबंधी बीमारियां, ऐल्टशाइमर्ज़ डिज़ीज़, पार्किंसन्स डिज़ीज और गले में जलन हो सकती है।

**कितनी बार करें तेल का इस्तेमाल**

डीप फाई के लिए एक बार इस्तेमाल किए गए तेल को दोबारा इस्तेमाल नहीं किया जाना चाहिए, लेकिन कुछ मामलों में ऐसा किया जा सकता है। हालांकि उन मामलों में यह इस बात पर निर्भर करता है कि किस प्रकार का तेल इस्तेमाल किया जा रहा है। मसलन, क्या इसे हल्का फाइ करने के लिए इस्तेमाल किया गया या फिर डीप फ्राइ के लिए? इस तेल में खाने के किस आइटम को फ्राइ किया गया?

## बच्ची के गले पर सपेरे ने लपेटा सांप, डसने से हुई बच्ची की मौत

### सपेरा गिरफ्तार

राजनांदगांव (आरएनएस)। खेल खेल में सपेरे द्वारा पांच माह की एक बच्ची के गले में सर्प डालकर तमाशा दिखाने के दौरान सर्प ने बच्ची को डस लिया। इससे मासूम की मौत हो गई। पुलिस ने सपेरे को गिरफ्तार कर लिया है।



प्राप्त जानकारी के अनुसार मोहारा निवासी सपेरा बिल्लूराम मरकाम नगर के सिंगदई वार्ड में तमाशा दिखा रहा था।इसी दौरान उसे देवांगन परिवार की पांच माह की बच्ची के गले में सांप डाल दिया और खेल दिखाने में व्यस्त हो गया। भीड़ के साथ ही परिजन भी खेल का मजा ले रहे थे। इसी दौरान सर्प ने बच्ची को डस दिया। परिजन जब तक समझते, मासूम की सांसें थम चुकी थीं। मासूम को लेकर वे मेडिकल कॉलेज अस्पताल पहुंचे, जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। बसंतपुर पुलिस ने आरोपी बिल्लूराम को गिरफ्तार कर लिया है।

## मैंने अपनी गलतियों से सीखा : अमायरा दस्तूर



अभिनेत्री अमायरा दस्तूर का कहना है कि उन्होंने अपनी गलतियों से सीखा है और वह किसी परियोजना के लिए हामी भरने से पहले अपने माता-पिता से विचार-विमर्श करती हैं। अमायरा ने बताया, मैंने अपनी गलतियों से सीखा है। आपने देखा होगा कि कई बार फिल्में सफल होती हैं कई बार असफल होती हैं और आप इन अनुभवों से सीखते हैं। मुझे नहीं लगता कि किसी के भी पास फिल्मों को सफल करने की कला है क्योंकि दर्शकों की पसंद भी बदलती रहती है।

उन्होंने कहा, मैंने ऐसी फिल्में करना शुरू कर दीं जिन्हें मैं और मेरा परिवार बतौर दर्शक पसंद करता है। अमायरा ने बॉलीवुड में 2013 की फिल्म इसक से डेब्यू किया था। वह तमिल फिल्म एनेगन और हिंदी फिल्म मिस्टर एक्स भी कर चुकी हैं। वह फिलहाल द ट्रिप 2 में नजर आ रही हैं जो बिंदास के यूट्यूब सहित सभी प्लेटफॉर्म पर प्रसारित होता है।

## बहन से माफी मांगते हुए रो दीं आलिया भट्ट




आलिया भट्ट अपनी बहन शाहीन भट्ट के काफी करीब हैं। वह कई बार सोशल मीडिया पर पोस्ट कर यह जाहिर कर चुकी हैं कि जिस तरह से शाहीन ने डिप्रेशन से लड़ाई लड़ी वह काफी इंस्पायरिंग है। अब उन्होंने अपनी बहन के लिए इंस्टाग्राम पर चार विडियो मेसेज पोस्ट किए हैं, जिनमें वह शाहीन से माफी मांगती हुई काफी इमोशनल हो गई।

दरअसल, हाल ही में आलिया की बड़ी बहन शाहीन भट्ट ने डिप्रेशन से अपनी लड़ाई को लेकर किताब आई हेब नेवर बीन ऑन हेपियर लिखी है। इस किताब को आलिया ने पढ़ा तो उन्हें शालीन के स्ट्रगल्स के बारे में गहराई से जानने को मिला। इस चीज ने उन्हें काफी प्रभावित किया।

आलिया ने सोशल मीडिया पर चार विडियो पोस्ट कर अपनी भावनाएं जाहिर कीं। उन्होंने बताया कि कैसे उन्हें अभी भी बचपन की यादें याद हैं, जब शाहीन हमेशा खुश नजर आती थीं। यहां तक कि अब भी जब वह घर आती हैं तो शाहीन की आंखों की चमक देख उनकी सारी थकान और नेगेटिव फीलिंग्स दूर हो जाती हैं।

## ब्रिटेन में बना एक अंतरिक्ष यान सूर्य के सबसे करीबी ग्रह पर पानी है या नहीं इस राज से पर्दा उठाएगा



ब्रिटेन में बना एक अंतरिक्ष यान इस हफ्ते बुध की यात्रा पर निकलेगा. यह अपनी तरह का पहला अभियान होगा, जिसका मकसद यह पता लगाना है कि क्या सूर्य के सबसे करीबी ग्रह पर पानी है या नहीं. यूरोपीय अंतरिक्ष एजेंसी (ईएसए) के बेपीकोलंबो अभियान के तहत दो कृत्रिम उपग्रह जैसे उपकरण भेजे जाएंगे जो उस ग्रह से जुड़ी जानकारी जुटाएंगे, जहां सतह का तापमान करीब 450 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच जाता है. यान में लादे जाने वाले एक उपकरण का निर्माण करने वाली ब्रिटेन की यूनिवर्सिटी ऑफ लीसेस्टर की प्रोफेसर एम्मा बंस ने कहा, ''बुध से जुड़ी ऐसी कुछ मजेदार और अलग तरह की चीजें हैं, जिनके बारे में हमें अब भी नहीं पता.''

बेपीकोलंबो अभियान से पूर्व के अभियानों में सामने आए सवालों के जवाब मिलने की उम्मीद है. इन सवालों में इस ग्रह पर पानी की मौजदूगी से जुड़ा सवाल शामिल है. सूर्य से बेहद करीब होने के बावजूद बुध के झुकाव का मतलब है कि उसके कुछ क्षेत्र स्थायी रूप से छाया में रहते हैं और तापमान शून्य से नीचे 180 डिग्री सेल्सियस तक गिर सकता है जिससे ग्रह पर बर्फ जमने की संभावना है.